दिनांक 20 जनवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त रोहित व्यास एवं सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी ने व्यापारियों के साथ आकाशगंगा के पूरे मार्केट क्षेत्र का किया निरीक्षण, मार्केट क्षेत्र की समस्याओं से हुए अवगत, इसके आधार पर बनेगी कार्य योजना, निगम और व्यापारी संघ मिलकर बनाएंगे मार्केट को सबसे बेहतर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सुपेला के प्रमुख मार्केट क्षेत्र आकाशगंगा का आज निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी ने व्यापारियों के साथ मिलकर पूरे आकाशगंगा क्षेत्र का कई घंटो तक निरीक्षण कर जायजा लिया। रात्रि में लाइट की व्यवस्था भी उन्होंने देखी। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों ने प्रमुख व मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान मार्केट क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था देखी गई , शौचालय को बेहतर बनाने साफ , सफाई के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्था पर चर्चा की गई, मार्केट में पानी और ड्रेनेज सिस्टम को भी देखा गया, सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत डिवाइडर को मरम्मत कर आकर्षक पौधे रोपित करने तथा प्रत्येक दुकानों के सामने डस्टबिन एवं गमले रखने पर चर्चा की गई। कचरा कहीं पर भी अव्यवस्थित तरीके से न फेंके इस पर भी बात हुई। पार्किंग के लिए मार्किंग की व्यवस्था की जाएगी , पार्किंग की उचित व्यवस्था पर बात हुई , मार्केट में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण के पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाएगा , सीसी टीवी कैमरे व अन्य उपाय भी इसके लिए अपनाए जायेंगे। गुरुवार को आकाशगंगा के मार्केट क्षेत्र में विशेष अभियान आवारा पशुओं को पकड़ने का चलाया गया था शुक्रवार को भी यह अभियान जारी रहा। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने की दिशा में शुरुआत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। आदर्श मार्केट बनाने के लिए मार्केट के हर पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है , मार्केट में आने वाले लोगों की सुविधाओं को देखते हुए भी कार्य योजना तैयार की जाएगी। मार्केट क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन एवं अन्य पदाधिकारी तथा व्यापारीगण मौजूद रहे।